हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 17 जनवरी 2026

04 लोग लगा रहे नपा के चक्कर, पोर्टल कब होगा...



07 जनसंवादः वार्ड 22 में जनता से संवाद कर...





## खबर संक्षेप

### नर्मदापुरम हार, शहडोल को 7 अंक

**नर्मदापुरम।** हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर-18 बालक वर्ग प्रतियोगिता के दूसरे दौर में शहडोल संभाग ने नर्मदापुरम को शिकस्त देकर 7 अंक अर्जित किए हैं। मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि तीसरे दिन के खेल बिना विकेट गंवाए 144 रनों से आगे खेलते हुए शहडोल टीम ने अविनाश बघेल 104 रन और शिवसागर कुमार 156 रनों की पारी की बदौलत 312 रन बनाकर पारी घोषित कर दी और नर्मदापुरम टीम के सामने 294 रनों का लक्ष्य रखा। नर्मदापुरम की टीम खराब बल्लेबाजी के चलते महज 128 रनों पर सिमट गई और शहडोल ने मैच 165 रनों से जीत लिया। एमपीसीए से आब्जर्वर हर्ष पाण्डेय, सिलेक्टर अंकित श्रीवास्तव, एम पी सी ए मैनेजिंग कमेटी मेंबर अनुराग मिश्रा द्वारा दिया गया। मैच के मध्य में सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा खिलाड़ियों के बीच में पहुंचकर उनसे परिचय प्राप्त किया एवं शुभकामनाएं दी।

### कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई श्रीराम कथा



**माखननगर।** पटवारी लाइन श्री हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 12 में 16 जनवरी से श्री राम कथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें शुक्रवार को प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आयोजकों ने बताया संगीतमय श्री राम कथा में प्रतिदिन कथा वाचक मानस मोहिनी संध्या तिवारी दीदी ओरछा के मुखारविंद से कथा का वाचन होगा। 24 जनवरी को कथा का समापन एवं पूर्ण आहुति एवं भंडारा होगा।

206 करोड़ के विकास कार्यों की मिली विधानसभा को सौगात, माखननगर से लाड़ली बहनों के खातें में डले 1836 करोड़ रुपए

# पं.माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मभूमि से मुख्यमंत्री ने दी जिले को कई सौगात, फोरलेन की आस जगी

जिले सहित प्रदेश को शुक्रवार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कई सौगात दे गए। जिसमें नर्मदापुरम से बनखेड़ी फोरलेन बनने की आस जाग गई। इसके साथ ही माखननगर से इटारसी को जोड़ने तवा पर नया पुल भी स्वीकृत हुआ है, जो विकास के लिहाज से बेहतर होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/ माखननगर




मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को माखननगर से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को 1836 करोड़ रूपए की राशि का उनके खातों में अंतरण किया। वहीं उज्वला योजना के तहत 29 लाख बहनों को 90 करोड़ रूपए की राशि उनके खातों में डाली। मुख्यमंत्री ने सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र सहित जिले के लिए 206 करोड़ रूपए के लोकार्पण एवं भूमि पूजन संपन्न किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम-पिपरिया-बनखेड़ी के बीच बनने वाले फोरलेन मार्ग की स्वीकृति भी दी। इसके अलावा माखननगर से सीधे इटारसी को जोड़ने वाले तवा नदी पर मरोड़ा-रजौन के बीच पुल को भी स्वीकृत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जिले की चारों विधानसभाओं के लिए विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। माखननगर में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 137.94 लाख की लागत से बने विश्राम ग्रह का लोकार्पण किया।

### हैलीपेड पर हुआ स्वागत

करीब 45 मिनट देरी से आए मुख्यमंत्री का हैलीपेड पर स्वागत सांसद और विधायकों द्वारा किया गया। जिसके बाद पं. माखनलाल चतुर्वेदी को पुष्प माला अर्पित कर 101 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया। मुख्यमंत्री ने जनता के बीच पहुंचे, इस भव्य रोड का फूल-मालाओं से स्वागत सत्कार हुआ। माखनलाल प्रतिमा स्थल पर रोड शो के दौरान नगर के अनेक सामाजिक धार्मिक व्यावसायिक संगठनों एवं मुस्लिम समाज ने तुलादान कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### मां नर्मदा और सलकनपुर वाली मैया की जय के उद्घोष से गूंजा माखननगर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मां नर्मदा महारानी और मां सलकनपुर वाली मैया की जय जैसे ही बोला प्रांगण जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेसियों पर भी जमकर कटाक्ष किया। इस दौरान उन्होंने बहनों को सौगात देने की भाजपा की नीतियों के विषय में समझाया। बहनों को आगे बढ़ने के सभी प्रकार के अवसर हमारी सरकार के माध्यम से जारी है। रेशम कार्य से जुड़ी महिलाओं का जिक्र मुख्यमंत्री ने करते हुए उन्हें बधाई दी। कृषि को भी रोजगार से जोड़ने, बहनों को प्रशिक्षण देने के साथ ही नर्मदापुरम को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने बताया कि नर्मदापुरम जिले में 93 प्रतिशत सिंचाई की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने सोहागपुर विधायक विजयपाल की मांगों के जवाब में सिंचाई परियोजना नर्मदापुरम से पिपरिया तक फोरलेन सड़क बनाने की भी घोषणा की। इसके साथ ही सोहागपुर विधायक द्वारा मांगी गई विभिन्न योजनाओं की राशि देने की भी घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई।

### पलकमती नदी विकास की योजना बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की मांगों का पत्र पढ़ते हुए उनके द्वारा की गई मांग स्वीकृत की। साथ ही फसलों की आगजनी के लिए फायर ब्रिगेड सहित सोहागपुर में बीच शहर से बहने वाली पलकमती नदी के दोनों ओर के घाटों को बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने विधायक से कहा कि इसकी कार्ययोजना बनाईये। इसके अलावा ट्रेंचिंग ग्राउंड पर इंडोर स्टेडियम, रामपुर-गुर्रा मार्ग पर ओवरब्रिज सहित अन्य जनता से कार्यों को स्वीकृत करने की घोषणा की।

### 35 निर्माण कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आयोजित कार्यक्रम में 35 निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। जिसमें जिला शामिल है। वहीं उन्होंने सोहागपुर विधायक की मांग पर नर्मदापुरम से बनखेड़ी तक बनने वाले फोरलेन मार्ग जो वर्ष 2023-24 में स्वीकृत हो चुका है लेकिन एसएफसी नहीं हुआ। ऐसे में यह मार्ग बनने से जिले को एक नया फोरलेन ओर मिलेगा। साथ ही नर्मदापुरम से माखनगर होते हुए पिपरिया तक संकरी सड़क से हादसे घटेंगे। इस फोरलेन स्वीकृति की मांग भी मुख्यमंत्री ने मान ली है। अब जल्द ही यह सौगात मिलेगी।

### तुलादान कर स्वागत किया

मंच पर मुख्यमंत्री का सर्व ब्राह्मण समाज, संयुक्त व्यापारी संगठन, वेयरहाउस संगठन, मीणा समाज संगठन,यादव समाज संगठन, कीर समाज पुष्प माला से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये मंच पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतसरन शर्मा,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, सिवनीमालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, जिपं अध्यक्ष राधा पटेल, हरिशंकर जायसवाल, अर्जुन पलिया, सविता दीवान, नप अध्यक्ष रीना तिवारी, जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामें, सत्यनारायण पाराशर, आकाश तिवारी, मनीष चतुर्वेदी, विपिन यादव, निखिलेश चतुर्वेदी, आशीष साहू, सुरेश अग्रवाल, अजीत सिंह, मुकेश मालवीय, प्रिया सिल्लू मालवीय, गोलू मिश्रा, रुक्मणी साहू, अनुजा हर्षित गुरु, लालचंद यादव, दीपक वर्मा, गोपाल महेश्वरी, अटल खंडेलवाल, गायत्री परिवार के सदस्य वाल्मीकि समाज के सदस्य मौजूद रहे।

### लोकार्पण उपरांत भोज



लोकार्पण उपरांत मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लाडली बहनों के साथ सह भोज भी किया। इस दौरान अनिता उईके, ग्यारसी भल्लावी, कविता सराठे, पुष्पा अहिरवार, कीर्ति हरने, किरण गर्ग, नंदा पारखी, पप्पी दुबे, सुमन राजपूत, अनिता बघेल ने भोजन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लाडली बहनों के साथ बैठकर दाल, बाटी, विभिन्न प्रकार के लड्डू, खीर, पेड़ा, कढ़ी, चावल, गट्टे की सब्जी सहित व्यंजनों का स्वाद चखा। मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ ही राज सभा सांसद माया नारोलिया, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक विजयपाल सिंह सहित लाडली बहनों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सह भोज किया।



### युकां नेता को मिला नोटिस



**सोहागपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को माखन नगर पहुंचे। वहीं गुरुवार को फेसबुक पर युवक कांग्रेस नेता द्वारा की गई पोस्ट ने माहौल को राजनीतिक कर दिया। जिसके चलते सोहागपुर थाने से युकां नेता को नोटिस मिला। वहीं शुक्रवार को माखननगर तथा सोहागपुर में कई कांग्रेसी नजरबंद किए गए हैं।

### कार्यक्रम से पहले कांग्रेसियों को किया नजर बंद



**सेमरी हरचंद।** माखननगर में मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम से पूर्व सेमरी हरचंद की पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी सेमरी हरचंद में माखन नगर सेमरी एवं सोहागपुर के कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने नजर बंद किया जिसमें किसान कांग्रेस के नेता पुष्पराज पटेल सहित क्षेत्र के बड़े नेताओं को पुलिस ने नजर बंद किया कार्यक्रम के बाद शाम को सभी कार्यकर्ताओं को रिहा किया गया।

## राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी




राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आज राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एवं संचालन करते हुए प्रकोष्ठ प्रभारी दीपाली जैन ने स्टार्टअप दिवस पर एक नए इनोवेटिव आइडिया से लेकर बड़े व्यवसाय तक की प्रक्रिया को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। तत्पश्चात प्रभारी प्राचार्य एवं मुख्य वक्ता डॉ शाफिया जहरा ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए देश को विकसित भारत बनाने में स्टार्टअप के महत्व को समझाया साथ ही देश की अर्थव्यवस्था में नागरिकों के योगदान को परिलक्षित किया। तत्पश्चात सुरेश कुमार दहिकर द्वारा नौकरी लेने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनें जैसे प्रेरणादायी वाक्यों पर प्रकाश डाला गया। डॉ प्रफुल्ल कुमार टेंभरेकर द्वारा स्टार्टअप पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया। स्टार्टअप कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर अपनी रुचि प्रदर्शित की।

## गुर्जर समाज की कुरीतियों को बंद करने भरवाए जा रहे सहमति पत्र

### गुर्जर समाज महासम्मेलन 18 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



गुर्जर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के उद्देश्य एवं गुर्जर समाज के महासम्मेलन में सामाजिक बंधुओ को आमंत्रण पत्र के साथ एक सहमति पत्र भरवारा जा रहा है जिसमें 11 सूत्रीय बिंदुओं पर प्रत्येक परिवार से सहमति ली जा रही है जिसमें विवाह में दहेज का दिखावा लेनदेन, चढ़ावे में कम से कम आभूषण, महिलाओं द्वारा विवाह में भारी आभूषण पहनने पर प्रतिबंध बारात में डीजे बैंड ढोल में से कोई एक साधन का उपयोग, बारात में शराब सेवन पर प्रतिबंध ,विवाह में किराए के अंगोछे पर प्रतिबंध, पूरे कुटुंब के लिए चीकट की प्रथा, रसोई में अधिक व्यंजन बनाने का दिखावा सहित 11 कुप्रथाओं को बंद करने के लिए प्रत्येक परिवार से सहमति असहमति का पत्र भरवाया जा रहा है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है गुर्जर विकास समिति के सदस्यों से पूछने पर उन्होंने बताया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों से समाज के विकास में व्यवधान उत्पन्न हो रहे हैं इसलिए समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से सहमति पत्र प्रत्येक परिवार से भरवाए जा रहे हैं।

## एमपीपीएससी में चयन पर मिली शुभकामनाएं

### सहायक प्राध्यापक बनी बिटिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



हैहयवंशीय ताम्रकार कसेरा समाज की बिटिया श्रुतिका का एमपीपीएससी के माध्यम से सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र के पद पर चयन हुआ है। बिटिया की इस उपलब्धि पर नर्मदापुरम समाज ने शुभकामनाएं प्रेषित कर पिता नंदकिशोर कांसकर और माता राधिका कांसकार को बिटिया की इस उपलब्धि पर बधाई दी है। समाज के मनोज जराठे ने बताया कि बिटिया का चयन समाज के लिए गौरव की बात है। श्रुतिका एवं परिजनों को बधाई देने वालों में रमेश चंद्र पटेल,के के जराठे, सीताराम करैया,डॉ अतुल सेठा,डॉ उमेश सेठा, प्रमोद करैया, योगेश सेठा, अरविंद चंद्रवंशी सहित अन्य सामाजिक बंधुओ ने बधाई दी है।

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में पचमढ़ी के एनसीसी कैडेट्स का दबदबा

## 7 साल बाद जीता 'बेस्ट कैडेट' व 'चेयरमैन मेडल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



स्थानीय 13 बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में पचमढ़ी के कैडेट्स ने सफलता के नए झंडे गाड़ दिए हैं। 5 जनवरी से 14 जनवरी तक चले इस 10 दिवसीय शिविर में पचमढ़ी केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 38 मेडल अपने नाम किए। सबसे खास बात यह रही कि पचमढ़ी को पूरे 7 साल के लंबे अंतराल के बाद 'बेस्ट कैडेट' और 'चेयरमैन मेडल' का गौरव प्राप्त हुआ है।

### पदक विजेताओं ने बढ़ाई शहर की शान

नर्मदापुरम संभाग के इस कैंप में सीनियर डिवीजन, जूनियर डिवीजन और जूनियर विंग के कुल 354 कैडेट्स ने हिस्सा लिया था। कड़े मुकाबले और विभिन्न सैन्य विधाओं में पचमढ़ी केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं ने अपना लोहा मनवाया। पदक जीतने वाली प्रमुख छात्राओं में शामिल हैं। जिनमें अलीना कुरैशी, एटम चिंग्लैंबी चनू, जय श्री, यांगजोम, शिवांगी, तनिष्ठा, हिमांशी, सिद्धि, अनुष्का और आराध्या। वहीं इन सभी छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कुल 38 पदकों पर कब्जा जमाया।

### सैन्य अनुशासन व प्रशिक्षण का संगम

कैंप के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, हथियार चलाने का प्रशिक्षण, मानचित्र अध्ययन और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों का कड़ा अभ्यास कराया गया। पचमढ़ी की टीम की इस ऐतिहासिक जीत पर सैन्य अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### कैंप में रहे ये उपस्थित

शिविर का सफल संचालन डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट विवेक सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर सूबेदार मेजर बी.सी. तिलक सिंह, सूबेदार राजीव सिंह, रामावतार और सुरेंद्र बी.ए.एम. विशेष रूप से उपस्थित रहे। कैडेट्स के प्रशिक्षण में हवलदार घमंडाराम, अजीत सचिन, नेमाराम, सत्यदेव और महावीर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही, सेकंड ऑफिसर जीआर कॉप, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, योगेश राज सिंह और केयरटेकर ऑफिसर यासमीन खान ने भी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।

## हल्दी, कुमकुम एक खूबसूरत त्योहार हैः सुषमा गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अयोध्यावासी वैश्य समाज की सुषमा गुप्ता ने बताया कि महिलाएँ हल्दी कुमकुम के कार्यक्रम को संक्रांति पर मनाती हैं। क्योंकि सूर्य उत्तरारायण होता है जो शुभता और नई शुरुआत का प्रतीक है। विवाहित महिलाएं एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर सौभाग्यपति की लंबी आयु परिवार की समृद्धि की कामना करती है। यह त्योहार रिश्तों में मिठास और सामाजिक सौहार्द बढ़ाता है, जिससे आपसी संबंध मजबूत होते हैं। हल्दी कुमकुम का यह त्योहार अयोध्यावासी वैश्य गुप्ता महिला मण्डल द्वारा मनाया गया। इस कार्यक्रम में सुषमा गुप्ता, मंजू गुप्ता, शांति गुप्ता, काजल गुप्ता, शिवांगी गुप्ता, कल्पना, सुरेखा गुप्ता, कीर्ति गुप्ता, रूपा गुप्ता, शरद गुप्ता, अवनि गुप्ता, मोनिका गुप्ता, सोनाली गुप्ता आदि शामिल हुई।

### सांसद कप फाइनल मैच में केवि इटारसी जीता

**नर्मदापुरम।** अंडर-19 इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच केंद्रीय विद्यालय इटारसी और जीनियस प्लेनेट स्कूल इटारसी के बीच खेला गया। संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करते हुए जीनियस प्लेनेट स्कूल की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 10 विकेट खोकर 157 रन बनाएं। जिसमें सर्वाधिक 34 रन आर्यन ने एवं 23 रन ओम ने बनाए।

केंद्रीय विद्यालय, सीपीई इटारसी की ओर से अंकुश ने 5 अनिकेत ने 3 विकेट हासिल किए। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केंद्रीय विद्यालय सीपीई इटारसी की टीम ने दिव्यांश के 59 और अनिकेत के 37 रनों की पारी की बदौलत मैच को 23 वे ओवर में 7 विकेट से जीतने में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण मप्र क्रिकेट एसोसिएशन प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्रा सहित आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### खंभारा टोल प्लाजा पर इनकम टैक्स का छापा

**बैतूल।** मुलताई-नागपुर नेशनल हाईवे पर स्थित खंभारा टोल प्लाजा पर शुक्रवार को आयकर विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारा। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के आयकर अधिकारियों की टीम चार वाहनों में टोल प्लाजा पहुंची। उन्होंने टोल संचालन से संबंधित दस्तावेजों और गतिविधियों की जांच शुरू की, जिससे परिसर में हडक़ंप मच गया। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एसके गुप्ता के नेतृत्व में की जा रही है। टीम टोल प्लाजा के कर्मचारियों से विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ कर रही है। इसमें आय-व्यय के रिकॉर्ड, टोल वसूली, नकदी प्रबंधन और इलेक्ट्रॉनिक डेटा की गहन जांच शामिल है। छापेमारी की खबर फैलते ही टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। छापेमारी के दौरान आयकर टीम और टोल संचालकों के बीच एक विवाद भी सामने आया। टोल संचालकों ने आपत्ति जताई कि आयकर टीम के साथ स्थानीय पुलिस बल मौजूद नहीं था। इस मुद्दे पर कुछ देर तक बहस हुई, लेकिन आयकर अधिकारियों ने अपनी वैधानिक प्रक्रिया का हवाला देते हुए कार्रवाई जारी रखी। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी कर अनुपालन, संभावित वित्तीय अनियमितताओं और आय से संबंधित शिकायतों के आधार पर की जा रही है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक इस कार्रवाई पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। जांच किस विशिष्ट बिंदु पर केंद्रित है, यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है। आयकर विभाग की टीम फिलहाल टोल प्लाजा पर मौजूद है और जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि टोल संचालन में कोई अनियमितता पाई गई है या नहीं। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय स्तर पर भी व्यापक चर्चा हो रही है।

### खेत में करंट लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** खेत में लगाये गये करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 4 सितंबर 2025 को फरियादी शिवलाल पिता छत्तू पन्द्रद्वाम (45) निवासी ग्राम झाडेगाँव थाना कोतवाली बैतूल ने रिपोर्ट किया कि उसका भाई सदन पिता छत्तू पन्द्वाम उम्र 45 साल निवासी ग्राम झाडेगाँव थाना कोतवाली बैतूल का जंगल में गाय ढोर चराने जंगल में गया था, जिसकी करंट लगने से मृत्यु हो गई है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली बैतूल में धारा 194 बीएनएस की कायम कर जांच में लिया गया था। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी शिवचरण पिता नान्हू उपासे (51) निवासी ग्राम भोगीतेडा थाना बैतूल बाजार ने झाडेगाँव स्थित अपने ठेके (खोट) वाले खेत में मेढ किनारे खूटी गडाकर सेंटिग बांधने वाला तार लगाकर उसमें करंट फैलाया था, जिससे करंट लगकर मृतक सदन पन्द्राम की मृत्यु हुई है।

बीपीएल का सत्यापन बंद, परेशान हो रहे नागरिक

# लोग लगा रहे नपा के चक्कर, पोर्टल कब होगा शुरू, अधिकारी भी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**बीपीएल के सत्यापन का पोर्टल करीब ढ़ाई महीने से बंद है। जिसके कारण लोग परेशान है। हितग्राही सत्यापन के लिए रोजाना नगरपालिका के चक्कर काट रहे है, लेकिन पोर्टल बंद होने से बीपीएल का सत्यापन नहीं हो पा रहा है।**



हालांकि पोर्टल कब तक शुरू होगा, इस संबंध में अधिकारी भी स्पष्ट नहीं बता पा रहे है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रदेश में बीपीएल के सत्यापन का पोर्टल बंद है। कब तक शुरू होगा, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। बता दे कि राशन दुकानों से खाद्यान्न लेने के लिए सबसे जरुरी बीपीएल का सत्यापन होता है। सत्यापन के बाद ही फूड कूपन मिलता है और राशन शुरू होता है। लेकिन बीपीएल सत्यापन का कार्य ही अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। इससे हजारों लोग परेशान हो रहे हैं। सत्यापन के अभाव में उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। बता दे कि इस साल शासन द्वारा ई-केवायसी कराई गई थी, ताकि पात्र लोग ही निःशुल्क राशन ले सके। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा भी ऐसे लोगों की सूची राज्य शासन को भिजवाई गई थी, जिनका टर्न ओवर काफी ज्यादा है, लेकिन उनका नाम बीपीएल सूची में शामिल हैं और वे राशन भी ले रहे हैं। बताया जाता है कि इन दोनों ही आधार पर केवल बैतूल शहर के ही करीब 4900 लोगों के राशन कार्ड निरस्त हुए हैं।

### सत्यापन के लिए नपा आते थे आवेदन

ई-केवायसी नहीं होने और अन्य कारणों से नाम कटने के कारण 4900 लोगों के राशन कार्ड निरस्त हो गये। इन्हें शासन से जो राशन मिलता था, वह भी बंद हो गया। जिससे ऐसे लोगों में हड ?प मचा हुआ है। ऐसे लोग दोबारा नाम जुड़वाने और राशन शुरू करवाने के लिए आवेदन देने लगे। खाद्य विभाग और एसडीएम ऑफिस में आवेदन दिए जाने पर वहां से बीपीएल सत्यापन के लिए नगर पालिका भिजवाया जाता है। इधर नगरपालिका से करीब 500 लोगों के सत्यापन किए गए, लेकिन इसके बाद 28 अक्टूबर से बीपीएल का सत्यापन का कार्य बंद कर हो गया है। नगरपालिका में इस संबंध में सूचना चस्पा कर दी गई है कि पोर्टल बंद होने से का कार्य अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया है।

### सत्यापन के 200 से 300 आवेदन पेंडिंग

पोर्टल बंद होने से अब सत्यापन के लिए जहां नए आवेदन नहीं लिए जा रहे हैं। वहीं पूर्व में लिए जा चुके करीब 200 से 300 आवेदन भी पेंडिंग में पड़े हैं। सत्यापन का यह कार्य कब से शुरू होगा, इसे लेकर अधिकारी भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। सत्यापन का पोर्टल केवल बैतूल में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में ही बंद पड़ा है। सत्यापन का कार्य बंद होने के कारण बैतूल शहर ही नहीं पूरे जिले में हजारों लोग खासे परेशान हो रहे हैं। जिन लोगों के नाम विभिन्न कारणों से कट चुके हैं, उनका सत्यापन होकर दोबारा नाम नहीं जुड़ पा रहा है। इससे उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा नए सदस्यों के नाम भी नहीं जुड़ पा रहे हैं। कई गरीब परिवार भी इस कारण से खासे परेशान हो रहे हैं।

### जिले में 3 लाख से अधिक परिवारों को मिलता है राशन

जिले में 3 लाख से अधिक परिवारों को प्रतिमाह राशन मिलता है। इन परिवारों में 29 श्रेणी के अंतर्गत आने वाले लोग शामिल है। जिसमें बीपीएल कार्डधारी भी है। लेकिन अब बीपीएल का सत्यापन नहीं होने से न तो कटे हुए नाम जुड़ पा रहे है और न ही नये नाम जुड रहे है। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को उठानी पड़ रही है, जिनके नाम किसी कारण से राशन की पात्रता सूची से हट गये है, लेकिन वे पात्रता रखते है। ऐसे लोग अपना नाम जुडवाने के लिए परेशान हो रहे है। नपा के अविनाश भाटिया ने बताया कि रोजाना 10 से 12 लोग बीपीएल के सत्यापन के लिए नगरपालिका आते है, लेकिन पोर्टल बंद होने के कारण सत्यापन नहीं हो पा रहा है।

**पोर्टल बंद है**

शासन से ही बीपीएल के सत्यापन का पोर्टल बंद है। जिसके कारण सत्यापन नहीं हो पा रहा है। पोर्टल कब शुरू होगा, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। करीब 200 से 300 आवेदन सत्यापन के लिए पेंडिंग पड़े हुए हैं।

- अविनाश भाटिया, नगरपालिका बैतूल

# पानी की शिकायत पर गांवों में पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

### आठनेर में ग्रामीणों के साथ बनाया पानी का पंचनामा



**बैतूल।** आठनेर विकासखंड के ग्राम टिपनापुर, खटगड़ और जावरा से मिल रही दूषित पेयजल की लगातार शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा संबंधित गांवों में पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मौके पर दूषित पेयजल का पंचनामा तैयार कराया और पानी के सैंपल लिए। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी मूलभूत सुविधाओं, पेयजल संकट और स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभाव की जानकारी ली गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आठनेर के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य पंकज वंजारे, लवलेश बब्बा राठौर, कमलेश कोसे, अशोक जितपुरे, राधे पटेल, बबलू बारस्कर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं माता-बहनें उपस्थित रहीं। कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को संगठन स्तर पर और प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। जिला कांग्रेस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार 17 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के कानूनी अधिकार को समाप्त करने के प्रस्ताव, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों और प्रदेश में पानी की गुणवत्ता को लेकर व्यापक विरोध एवं संपर्क अभियान की कार्ययोजना बनाई गई है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 17 जनवरी को शहरी जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा भागीरथपुरा इंदौर की घटना और पानी की गुणवत्ता के आंकड़ों को लेकर जिला स्तर पर एक दिवसीय उपवास रखा जाएगा, जबकि ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा मनरेगा, पानी की गुणवत्ता और भागीरथपुरा की घटना के विरोध में उपवास किया जाएगा। उपवास के दौरान राहुल गांधी के भाषण का सीधा प्रसारण किया जाएगा। द्वितीय चरण में 18 से 31 जनवरी 2026 तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में क्रमबद्ध कार्यक्रम आयोजित कर जनता को जागरूक किया जाएगा, जल गुणवत्ता की जांच कर साक्ष्य तैयार किए जाएंगे और नगरीय निकायों का घेराव भी किया जाएगा। कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, आमजन और मीडिया की सहभागिता से कार्यक्रम को प्रभावी बनाने का आह्वान किया है।

### ताप्ती पर 4036 करोड़ की ढेकना वृहद परियोजना प्रस्तावित

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किसानों की खुशहाली और समृद्धि के निरंतर किसान हितैषी निर्णय लिए जा रहे है। इसी क्रम में बैतूल जिले में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए जिले की ताप्ती नदी पर 4036.00 करोड़ रुपए की लागत से ढेकना वृहद उद्वहन परियोजना प्रस्तावित की गई है। जल संसाधन संभाग क्रमांक-2 बैतूल कार्यपालन यंत्री रोशन कुमार सिंह ने बताया कि परियोजना के तहत 100 मिलियन घन मीटर पानी का संग्रहण किया जाएगा, जिससे जिले के करीब 60 हजार हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना की प्रस्तावित ऊंचाई 32 मीटर और लंबाई 600 मीटर है। इस परियोजना का एक अहम हिस्सा ग्राम महतपुर में बेलेन्सिग रिजर्ववायर का निर्माण है। इस रिजर्ववायर की कुल जलभराव क्षमता 170 मिलियन घन मीटर निर्धारित की गई है।

# धाबा में आदिवासियों, दलितों के लिए बना स्कूल भवन तोड़ने पर संगठन और सजप ने जताया रोष




**भैंसदेही।** भैंसदेही तहसील के पंचायत एवं ग्राम धाबा में गाँव के आदिवासी व दलित बच्चों हेतु नईम खान द्वारा अपनी निजी जमीन पर 20 लाख से बनाए गए स्कूल भवन पर प्रशासन व्दारा बुलडोजर चलाकर तोड़फोड़ की कार्रवाई का श्रमिक आदिवासी संगठन एवं समाजवादी जन परिषद ने कड़ा रोष जताया है।

उन्होंने कहा कि क्योंकि यह स्कूल एक मुस्लिम व्यक्ति ने बनाया है, इसलिए मदरसा करार देकर तोड़ना सरासर गलत है। सजप के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र गढवाल ने कहा कि जहां सरकार उनकी लगातार मांग के बावजूद दानवाखेडा, भंडारपानी जैसे कईयों गांवों में स्कूल नहीं खोल पा रही है। वहीं कोई व्यक्ति अपनी निजी जमीन पर अपने पैसे से स्कूल भवन बना रहा है तो उसे सरकार कुछ लोगों की गलत शिकायत पर गैर कानूनी बताकर तोड़ रही है। सजप के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य एवं होशंगाबाद जिले के आदिवासी नेता फागराम सेलू ने कहा कि कुछ लोग नहीं चाहते कि आदिवासियों के बच्चे अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पडे। हरदा जिले के पूर्व जनपद सदस्य रामदीन टेकाम ने कहा कि इस घटना के विरोध में जरुरत पडने वो सड़क पर उतरेंगे। अनुराग मोदी ने कहा कि पंचायत ने 11 जनवरी 2026 को नईम को नोटिस दिया और 12 जनवरी को जिला प्रशासन ने स्कूल भवन तोडने की कार्रवाई कर दी। यह सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का उल्लघंन है। इसमें दोषी अधिकारियो पर कार्रवाई होना चाहिए। वो इस मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट लेकर जाएंगे। यहां उल्लेखनीय है कि बुलडोजर कार्रवाई या बुलडोजर जस्टिस के मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण निर्णय (नवम्बर 2024) दे चुका है, जिसमें स्पष्ट रूप से दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि सरकारी अधिकारी किसी व्यक्ति के घर या संपत्ति को गिरा नहीं सकते। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार किसी भी भवन को ढहाने से पहले संबंधित व्यक्ति को शोकॉज़ नोटिस दिया जाना अनिवार्य है। यह नोटिस कम-से-कम 15 दिन पहले भेजा जाना चाहिए, या जितना स्थानीय कानून अनुमति देता है, वह अवधि लागू होगी। नोटिस में स्पष्ट रूप से अवैध निर्माण का कारण, उल्लंघन का विवरण और ध्वस्तीकरण के आधार बताए जाने चाहिए। नोटिस प्राप्त व्यक्ति को अपना पक्ष रखने के लिए अवसर देना आवश्यक है। सुनवाई के बाद ही अंतिम ऑर्डर जारी किया जा सकता है और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को वीडियोग्राफ़ किया जाना चाहिए, ताकि बाद में किसी भी दावे की समीक्षा की जा सके। इधर इस मामले को लेकर बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी का कहना है कि ग्राम पंचायत स्तर से यह कार्रवाई हुई है। स्कूल की बिल्डिंग ध्वस्त करने को लेकर एसडीएम एवं एसडीओपी से मेरी बात हुई थी, अवैध संरचना होने के कारण व्यवस्था बनाए रखने के लिए भवन को तोड़ने की कार्रवाई नियमानुसार की गई है। वहीं निजी भूमि पर स्कूल भवन बनाने वाले नईम भाई का कहना है कि 5 हजार वर्ग फीट पर डायवर्सन कर स्कूल भवन बनाने की अनुमति मांगी गई थी। सभी जगह आवेदन दिया गया है। कोई उल्लंघन हुआ है, तो मैं जुर्माना भरने के लिए तैयार हूं, मेरी विनती है कि स्कूल भवन नहीं तोड़ा जाए। इधर कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे ने कार्रवाई पर विरोध जताया है। उनका कहना है कि इन गांवों के बच्चों को महाराष्ट्र पढ़ने के लिए जाना पड़ता था, इसलिए गांव के व्यक्ति ने निजी जमीन पर स्कूल तैयार किया था ताकि बच्चे शिक्षित हो सके, लेकिन इस तरह की कार्रवाई करना और भवन को तोड़ना गलत है अगर किसी नियम का पालन नहीं हुआ हो रहा है तो संबंधित व्यक्ति को नोटिस देकर समय देकर उसका पालन कराया जा सकता है, लेकिन इस तरह की कार्रवाई गलत है।

नपा द्वारा 12 से 15 फरवरी तक चलाया जा रहा है अभियान

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत वार्ड 7,8 व 9 में लगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। निकाय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर इस हेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उन्हें इनका लाभ प्रदान करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 15 फरवरी तक लगातार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत शुक्रवार 16 जनवरी को वार्ड 7,8 एवं 9 के लिए शिविर आयोजित किया गया। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी, संगीता धोटे, नोडल अधिकारी केके भावसार, प्रभारी जीएस पांडे, रंजीत डोंगरे, रामकिशोर भलावी, निधि मेराबी, पुष्प चिल्हाटे, पप्पी अश्वरे, रामावतार नागले उपस्थित थे।

शिविर में 8 आवेदन, सफाई के पेवर ब्लॉक, विद्युत, वाटर सप्लाई के कुल 8 आवेदन प्राप्त हुए। इसके तहत 19 जनवरी को वार्ड 10, 20 को वार्ड 11 को क्षेत्रीय आंगनबाड़ी में शिविर रखा गया है। 21 को वार्ड 12, 22 को वार्ड 13 एवं 23 के लिए वार्ड 23 की आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर होगा। इसी तरह 23 जनवरी को वार्ड 14 एवं 15 के लिए गायत्री मंदिर आंगनबाड़ी में शिविर रखा गया है। वहीं 27 जनवरी को वार्ड 16 एवं 28 जनवरी को वार्ड 17 के आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर रहेगा। 19 जनवरी को वार्ड 18 व 19 के लिए नपा के उप क्षेत्रीय कार्यालय पाथाखेड़ा में शिविर रखा गया है। 30 जनवरी को वार्ड 20 एवं 2 फरवरी को वार्ड 32 में आंगनबाड़ी में शिविर रहेगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के आधार पर कार्यवाही कर लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के अलावा उन्हें इनसे जोड़ा भी जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से शिविरों में उपस्थित होकर योजनाआ का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सांदीपनि विद्यालय बैतूलबाजार ने लहराया परचम

### 138 प्रतिभागियों में से गणित विषय में 3-डी गणितीय मॉडल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय बैतूल में गुरूवार को संपन्न हुआ। इस प्रदर्शनी में विविध विषयों में 138 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। जिसमे संस्था की कक्षा 8वीं की छात्रा कु. दृष्टि पवार ने गणित विषय के 3-डी गणितीय मॉडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके मार्गदर्शन शिक्षक दिलीप कुमार पटेल एवं पुरुषोत्तम देशमुख रहे। इस मॉडल का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित की कठिन अवधारणाओं को सरल तथा सुगम बनाना था। जिला स्तर पर चयनित होने वाले प्रत्येक विषय के दो-दो सर्वश्रेष्ठ मॉडल अब पचम ?ी में होने वाली संभाग स्तरीय प्रदर्शनी में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह आयोजन 27 से 31 जनवरी तक चलेगा। इस आयोजन में शास. सांदीपनि विद्यालय बैतूल-बाजार की छात्रा कु.दृष्टि पवार संभाग में आयोजित होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में शिरकत करेंगी। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय प्रदर्षनी में संस्था के छात्र हर्षित पटने, कक्षा 8वी ने पर्यावरण विषय में जल संरक्षण का मॉडल प्रस्तुत किया। जिसके मार्गदर्शक शिक्षक शीला डोंगरे एवं शामिनी देव रही तथा छात्र वरुण कोडले कक्षा 8वीं ने ऐतिहासिक संग्रहालय मॉडल सामाजिक विज्ञान विषय में प्रस्तुत किया। जिसके मार्गदर्शक शिक्षक रमेश कुमार पिंजारे रहे। संस्था की इस उपलब्धि पर नगर परिषद बैतूल-बाजार उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड, पार्षद आशीष राठौर, संस्था प्राचार्य राजकुमार मालवीय, माध्यमिक विभाग प्रधानपाठक मिश्रीलाल डढोरे, प्राथमिक विभाग प्रधानपाठक एनआर हांके सहित संस्था के समस्त शिक्षकों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

ग्रामोदय से अभ्योदय पखवाड़े के तहत आनंद उत्सव का आयोजन

# आनंद उत्सव में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीमपुर विकासखंड में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सेक्टर स्तर पर 12 से 26 जनवरी तक चल रहे ग्रामोदय से अभ्योदय मध्यप्रदेश ग्राम विकास पखवाड़ा एवं युवा उत्सव के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुनखेड़ी में आनंद उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम वृंदावन गार्डन न्यू हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत डोडाजाम, कुनखेड़ी, चोहटा पोपटी एवं जन आस्था सेवा समिति घोघरा का सहयोग रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाना, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर स्कूली बच्चों एवं छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक और पर्यावरण जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पति मुन्ना बारस्कर ने शासन की योजनाओं का विस्तार से प्रचार किया। सरपंच कुनखेड़ी आशाय बाई कास्दे ने ग्रामीण विकास में सामूहिक सहभागिता पर जोर दिया। सरपंच एवं जन आस्था सेवा समिति घोघरा के अध्यक्ष रामकिशोर धुर्वे ने स्वच्छता अभियान की महत्ता बताई। कार्यक्रम में उपसरपंच चोहटा पोपटी सालकराम बारस्कर, पूर्व सरपंच भावजी कास्दे, सचिव रमेश येवले, चिरोंजी कास्दे, पंच रमोती कुमरे, पालक शिक्षा संघ अध्यक्ष, पंच मालती कुमरे सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



### जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**शाहपुर।** जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन जिला बैतूल के पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल में किया गया। जिसमें बैतूल जिले के सभी विकासखंड के चयनित छात्र-छात्राओं ने अपने मॉडल लेकर उपस्थित हुए। विकासखंड शाहपुर से आठ विधाओं में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह आयोजन जिला बैतूल में संपन्न किया गया। जिसमें जोन स्तर के लिए शाहपुर विकासखंड के कुंडी संकुल से माध्यमिक शाला पतौवापुरा के तीन बच्चों का चयन हुआ। इन बच्चों के अच्छे प्रदर्शन के लिए माध्यमिक शाला पतौवापुरा से शिक्षक शिक्षिकाओं ने साथ में जन शिक्षिका दीपना जगताप ने बधाई और शुभकामनाएं दी। जोन स्तर से आगे ऊंचाइयों पर जाने के लिए भी मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन दिया। संकुल स्तर से जोन स्तर तक पहुंचने में सबसे अधिक सहयोग, उच्च श्रेणी शिक्षक मुन्नालाल तुमराम और शिक्षिका बरखा सिंगारे ने सहयोग प्रदान किया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने बताया कि उनके विद्यालय के बच्चों ने भी उन्हें इस स्तर तक पहुंचने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। गणित विषय से प्रियांशी सोनी, सामाजिक विज्ञान में सोनम यादव, और भारतीय संसद भवन प्रश्न मंच में नेहा भोरसे का संभाग स्तर के लिए चयन हुआ है।

## वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 18 को

**पिपरिया।** पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगातार प्रतिवर्ष सर्व धर्म समभाव की प्रतीक संस्थान अनहद लोक कला मंच के द्वारा विवेकानंद जयंती समारोह के अंतर्गत दिनांक 18 जनवरी को रात्रि 8 बजे से एक निजी गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इस बार संस्था आत्मनिर्भर भारत निर्माण कार्य में नगद राशि उचित है या नहीं इस विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। वक्ता प्रियंका दुबे अधिवक्ता हरदा, राजकुमार कौरव करेली, बंदना शर्मा,यह विपक्ष की भूमिका में नजर आएंगे। पक्ष में संध्या शाह, कांग्रेस, नितिन दुबे, अजय पाराशर रहेंगे। कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी विशेष अतिथि सांसद दर्शनसिंह, भाजपा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवकांत पांडे सहित अन्य सभी शामिल रहेंगे।

## सेवा भारती ने 60 किलो खिचड़ी का वितरण किया

**भैरुंदा ।** नगर में गुरुवार को मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल भैरुंदा मे सेवा भारती के द्वारा मरीजों एवं उनके साथ आये परिजनों को खिचड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर संघ के खंड संघचालक बृजमोहन गौड़,जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा आदि रहे मौजूद।

### जहां नागरिक वहीं नगरपालिका, समस्या निवारण शिविर में आई शिकायतें

# जनसंवादः वार्ड 22 में जनता से संवाद कर नपाध्यक्ष ने दिए कार्रवाई के निर्देश

शहर के नागरिकों की समस्याओं मौके पर निराकरण के लिए नगरपालिका प्रशासन वार्ड वार्ड शिविर लगा रही है। शुक्रवार को वार्ड 22 में शिविर लगाकर नागरिकों की समस्या सुनी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 22 इटारसी में "जहां नागरिक वहीं नगर पालिका समस्या अभियान" के अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने वार्डवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। नपाध्यक्ष चौरे ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के निराकरण हेतु सख्त व समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश देकर संवेदनशील और सकारात्मक प्रशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया।

शिविर में वार्ड पार्षद एवं जल शाखा सभापति गीता देवेंद्र पटेल, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, सहायक यंत्री मीनाक्षी चौधरी, राजस्व निरीक्षक गजेंद्र पांडे, उपयंत्री आदित्य पांडे सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**जनसंवाद में उठी प्रमुख समस्याएं एवं निर्देश...**

- पगारे जी की चाल में नाली के भीतर से गुजर रही पानी की पाइपलाइन के कारण दूषित पानी आने की शिकायत पर तत्काल तकनीकी जांच और सुधार के निर्देश। वार्ड में पेयजल पाइपलाइन व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश।
- कीर्ति भवन शंकर मंदिर क्षेत्र में नाली व झाड़ियों की सफाई के निर्देश। मिहानी सेल्स डिपो के पीछे सीमांकन के लिए आवेदन स्वीकार कर राजस्व प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश। ऋषभ दुबे के प्लॉट से महेश मेहरा के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण प्रस्ताव।
- पक्की सड़क व नाली निर्माण संबंधी आवेदन पर प्राथमिकता से कार्ययोजना बनाने के निर्देश। हाजी मंजिल रोड पर पाइपलाइन लीकेज की शिकायत पर मरम्मत कार्य तत्काल कराने के आदेश।

**जनसंवाद से विश्वास बढता हैः नपाध्यक्ष**

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि "नगर पालिका का उद्देश्य जनता तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। जनसंवाद जैसे कार्यक्रमों से विश्वास बढ़ता है और विकास कार्यों में गति आती है।"कार्यक्रम के दौरान अनुशासन व कार्यकुशलता पर भी जोर दिया गया तथा संबंधित मामलों में आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसंवाद कार्यक्रम से वार्डवासियों में संतोष और भरोसा देखने को मिला, वहीं नगर पालिका की जनहितैषी, सक्रिय और सकारात्मक कार्यशैली की सराहना की गई।

## ट्रेनों में चोरी करने वाले दो चोरों से 5.46 लाख का माल बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे पुलिस इटारसी को ट्रेनों में चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह को पकडऩे में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5,46,500 रुपये कीमत के सोने के जेवर और मोबाइल बरामद किए हैं।

यह गिरोह मुख्य रूप से रात के समय 2 से 4 बजे के बीच सक्रिय होता था। जब यात्री गहरी नींद में होते, आरोपी उनके बैग और कीमती सामान चोरी कर अगले स्टेशन पर उतर जाते थे। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### मामले का खुलासा

यह कार्रवाई अगस्त 2025 में हुई एक चोरी की शिकायत के आधार पर की गई। फरियादिया अनुराधा कौशिक, जो ओवरनाइट एक्सप्रेस के एसी कोच में यात्रा कर रही थीं, उनका पर्स चोरी हो गया था जिसमें करीब 8.22 लाख रुपये का सामान था। जीआरपी की विशेष टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना पर 15 जनवरी 2026 को इटारसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 से दो संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में सरवन यादव 42 वर्ष, निवासी बलरामपुर, उत्तर प्रदेश और कमल शर्मा 33 वर्ष निवासी गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश हैं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने की चेन साईं बाबा लॉकेट सहित, अंगूठी, ईयर रिंग्स और झाला, सोने की माला और एक सैमसंग मोबाइल फोन बरामद किया है।आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिससे अन्य चोरियों के खुलासे होने की उम्मीद है। पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा ने इस सफलता पर पूरी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## वंशिका डांस अकादमी के बच्चों ने प्रतियोगिता में जीतीं 14 ट्रॉफियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भोपाल के सरस्वती संगीत महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतिभा प्रोत्साहन महोत्सव में इटारसी की वंशिका डांस अकादमी के विद्यार्थियों ने अपनी कला का लोहा मनवाया है। शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय और लोक नृत्य प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकेडमी के बच्चों ने कुल 14 ट्रॉफियां अपने नाम की हैं।

प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीते। बच्चों ने कथक और भरतनाट्यम में सामूहिक प्रस्तुति दी। इप्शिता चौधरी ने शुद्ध शास्त्रीय भरतनाट्यम से सबका मन मोह लिया, वहीं अवधि तिवारी ने उप-शास्त्रीय भरतनाट्यम में शानदार प्रदर्शन किया। तरु जैन ने लोकनृत्य में अपनी छाप छोड़ी, जबकि नव्या



जैन और रिद्धिमा तिवारी ने उप-शास्त्रीय कथक नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी।

बच्चों की सफलता के साथ-साथ एकेडमी की नृत्य गुरु श्रद्धा अग्रवाल को भी उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। एकेडमी को भी विशेष ट्रॉफी से नवाजा गया। एकेडमी की निदेशक श्रद्धा अग्रवाल ने बच्चों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इटारसी के बच्चों की इस बड़ी उपलब्धि पर शहर में खुशी का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

## गरजा आदिवासियों का आक्रोश, जल-जंगल-जमीन को लेकर सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, बड़े आंदोलन की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आदिवासी विकासखंड केसला में शुक्रवार को जल-जंगल और जमीन के हक की गूंज सुनाई दी। दो दर्जन से अधिक गांवों के आदिवासियों, किसानों और मजदूरों ने प्रदेश व केंद्र सरकार की नीतियों और वन विभाग की कथित मनमानी के खिलाफ सड़कों पर उतरकर तीखा विरोध प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### जन-संगठनों की संयुक्त हुंकार

समाजवादी जन परिषद, किसान आदिवासी संगठन, किसान मजदूर परिषद और सतपुड़ा महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में



दोपहर 12 बजे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण 'आम के बगीचे' के पास एकत्र हुए। यहां से शुरू हुई आक्रोश रैली कस्बे के प्रमुख मार्गों—बाजार मोहल्ला, थाना चौक और आजाद मोहल्ला होते हुए जनपद पंचायत कार्यालय पहुंची। प्रदर्शन के दौरान "गरीबों की जमीन छीनना बंद करो" और "वन अधिकार पट्टे दो" जैसे नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपा।

### आदिवासियों की मुख्य मांगें

पिपरिया कला ग्राम पंचायत में पदस्थ वनकर्मी मनोज देवड़ा पर ग्रामीणों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। जमीन का मुआवजाः चांदकिया के उन किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की गई है, जिनकी जमीन जलाशय परियोजना की भेंट चढ़ गई। वनाधिकार पट्टेः वन अधिकार कानून के तहत लंबित दावों का निराकरण कर पात्र आदिवासियों को पट्टे देने की पुरजोर मांग उठाई गई।

### गीतों के जरिए विरोध और प्रशासन का आश्वासन

जनपद कार्यालय पहुंचने पर व्यवस्थाओं की कमी भी उजागर हुई। पीने के पानी के इंतजाम न होने पर ग्रामीणों ने खुद हैंडपंप से प्यास बुझाई और क्रांतिकारी गीतों के माध्यम से शासन के प्रति अपना रोष प्रकट किया। मौके पर मौजूद तहसीलदार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को उचित माध्यम से शासन तक भेज दिया जाएगा। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर एक हफ्ते में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो समाज अपने हक के लिए बड़ा आंदोलन छेड़ने को मजबूर होगा।

## बैंगनिया में घर की छत पर मिला 4 फीट का कोबरा, रेस्क्यू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ग्राम बैंगनिया में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक घर की छत पर विशालकाय जहरीला सांप देखा गया। स्थानीय निवासी संदीप पटेल ने सूचना दी कि जब वे अपनी छत पर जा रहे थे, तब उन्होंने पड़ोसी अभिषेक मेहरा के घर की छत पर टिन और कवेलू के बीच एक सांप को धूप सेंकते हुए देखा।

ग्रामीणों के अनुसार, यह सांप पिछले कुछ दिनों से लगातार वहां दिखाई दे रहा था। सूचना मिलते ही वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन में सर्पमित्रों की टीम मौके पर पहुची।

टीम के सदस्य अभिजीत यादव, अभय चौरे और सचिन दुलारे ने तत्परता दिखाते हुए करीब 4 फीट लंबे कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया। सर्पमित्र अभिजीत यादव ने बताया कि यह सांप अत्यंत विषैला



(न्यूरोटॉक्सिन) था। रेस्क्यू के बाद सांप को आबादी क्षेत्र से दूर वनपरिक्षेत्र के सुरक्षित प्राकृतिक आवास में रिलीज कर दिया गया है। सांप के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र के रहवासियों ने राहत की सांस ली है।

## नपा की राजस्व टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, एक हजार जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका की राजस्व शाखा की टीम ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान उन दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई जिन्होंने सड़क और फुटपाथ पर सामान फैलाकर आवागमन बाधित किया था। टीम ने मौके पर ही अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के चालान काटे और 1000 रुपये का जुर्माना वसूला। इस दौरान कई



स्थानों पर सड़क किनारे रखे अवैध सामान को भी हटाया गया। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर को व्यवस्थित रखने और जाम की स्थिति से निपटने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। प्रशासन ने सख्त लहजे में कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिषद ने शहर के दुकानदारों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों का सामान सीमा के भीतर ही रखें और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। यातायात को सुचारू बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें ताकि भविष्य में होने वाली दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।

## विशाल हिन्दू सम्मेलन आज से देंगे समरसता और एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर में हिन्दू समाज की एकता, समरसता व सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 17 व 18 जनवरी 2026 को हिन्दू सम्मेलन व भंडारा आयोजन किये जा रहे हैं। इन आयोजनों का लक्ष्य राष्ट्र में 'एक भारत-एक समाज' की भावना को जागृत करना तथा जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर हिन्दू समाज को एक सूत्र में पिरोने का है। जानकारी अनुसार सोहागपुर नगर क्षेत्र को केशव बस्ती तथा माधव बस्ती क्षेत्र में विभाजित किया गया है। तथा दोनों क्षेत्रों में हिंदू सम्मेलन होंगे। एक क्षेत्र का हिंदू सम्मेलन 17 जनवरी को व दूसरे



क्षेत्र का हिंदू सम्मेलन 18 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी। कलश यात्रा का शुभारंभ देनवा कॉलोनी क्षेत्र स्थित श्री सिद्धी विनामक गणेश मंदिर से किया जाएगा। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी।

## वार्ड 14 में बनेगा आंगनबाड़ी केंद्र, विधायक बोले- महिलाओं और बच्चों को मिलेगी बेहतर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड 14 के निवासियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य एवं पोषण की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। क्षेत्र में जल्द ही एक सर्वसुविधायुक्त नवीन आंगनवाड़ी केंद का निर्माण किया जाएगा, जिससे शिशु-मातृ स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र समाज की नींव हैं। नए भवन के निर्माण से बच्चों के टीकाकरण, पोषण और महिलाओं की जागरूकता से जुड़े कार्यों में और अधिक सुव्यवस्थित ढंग से तेजी आएगी। नपा अध्यक्ष



पंकज चौरे ने बताया कि शहर के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और यह निर्माण इसी कड़ी का हिस्सा है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूजा गौर और परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने बताया कि नया केंद्र बनने से स्थानीय स्तर पर सुविधाओं का संचालन अधिक प्रभावी होगा। इस अवसर पर भाजपा नेता जयकिशोर चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि मनीष ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अंत में पार्षद संजय ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए आभार व्यक्त किया।

## हाईकोर्ट में युवा ईकाई प्रमुख बने आकाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के युवा अधिवक्ता आकाश मालपानी को अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, जबलपुर उच्च न्यायालय की युवा इकाई (पुरुष) के प्रमुख बनाया गया है। ज्ञात हो कि 15 जनवरी को जारी अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, जबलपुर उच्च न्यायालय इकाई की कार्यकारणी की घोषणा में अधिवक्ता आकाश मालपानी को युवा प्रमुख इकाई (पुरुष) का दायित्व सौंपा गया है। वे निरंतर उत्क्रष्ट कार्य कर रहे है।

### पार्षद स्व. मिहानी की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब

## अलविदाः नम आंखो से शहर ने 'भाऊ' की दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कुछ लोगों के लिए वे मार्गदर्शक 'धरमू भैया थे, तो अधिकांश के लिए वे आत्मीयता की प्रतिमूर्ति 'भाऊ' थे। शाम फ्रेन्ड्स स्कूल के मैदान में जब हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा, तो हर आंख नम थी और हर दिल में अपने प्रिय नेता व मित्र को खोने का गहरा खालीपन था। मौका था नगर के लाड़ले धर्मदास मिहानी की भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का।

ाम 4:15 बजे से ही मैदान पर लोगों का तांता लगना शुरू हो गया था। मंच के केंद्र में भाऊ की एक विशाल मुस्कुराती हुई तस्वीर लगी थी। उनकी चिर-परिचित मुस्कान को देखकर वहां मौजूद किसी भी व्यक्ति को यह अहसास ही नहीं हो



रहा था कि वे इस नश्वर संसार को त्यागकर ईश्वर की शरण में जा चुके हैं। उनकी जीवंत छवि अपनों को सांत्वना दे रही थी।

### वक्ताओं ने साझा किए संस्मरण

भगवान दास सबनानी विधायक, भोपाल ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा, भाऊ धर्मदास मिहानी एक देव पुरुष थे। भोपाल प्रवास के दौरान उनका सबसे अपनत्व भरा व्यवहार और समाज के प्रति उनकी चिंता अद्वितीय थी।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने पहुंचकर भाऊ को पुष्पांजलि अर्पित की ओर समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया, उन्हें समाज का एक अच्छा हितचिंतक, जनहितैषी बताया। राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया ने कहा कि एक सच्चे समाजसेवी की पहचान यही है कि उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने इतनी बड़ी संख्या में लोग यहां एकत्र हुए हैं। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए स्व. मिहानी ने अच्छे और जनहित के मुद्दों पर हमेशा सहयोग दिया है। वे अपने वार्ड के विकास के लिए, व्यापारिक हितों के लिए हमेशा आवाज उठाते रहे। पीयूष शर्मा अध्यक्ष, मप्र तैराकी संघ ने भाऊ के निस्वार्थ सेवा भाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भले ही एक वार्ड के पार्षद थे, लेकिन उनकी चिंता पूरे शहर और समाज के लिए रहती थी। हर छोटे-बड़े व्यक्ति के सुख-दुख में खड़े रहना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था।

प्रमोद पगारे अध्यक्ष, पत्रकार संघ ने मिहानी परिवार से भावुक अपील करते हुए कहा कि धर्मदास जी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए शहर में कोई स्थायी सेवा कार्य अवश्य शुरू किया जाए। कार्यक्रम का संचालन राहुल चेलानी ने किया। वही बडी संख्या में उपस्थित लोगो ने स्व मिहानी के सामाजिक योगदान को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ, निकली भव्य कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथवास तथा खैरी कला में विराट हिन्दू धर्म प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। हथवास में सीताराम मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भूमिपूजन, कलशयात्रा एवं सम्मेलन आयोजित किया गया।

जनअभियान परिषद से दयाशंकर उभरे, अरविंद राय, पवन वालिया, नरेंद्र मिश्रा, लक्ष्मी नारायण, दुर्गेश कुमार, नर्मदा रजक, भानू विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। मंडल प्रभारी कैलाश विश्वकर्मा की उपस्थिति मे आयोजन किया गया।

बैलगाड़ी पर भोलेनाथ की बरात निकालीं और बाजे बजने लगे कलशयात्रा निकाली गई। मुख्य वक्ता दिवाकर महाराज, चाणक्य वखसी संभाग सह कार्यवाहक उपस्थितिमे आयोजन किया संचालन पुरषोत्तम रघुवंशी ने किया आभार मोहन शर्मा ने किया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**

रा.प्र.क्र.0004 अ-6 वर्ष 2025-26

// इश्तहार //

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक झम्मूमल लालवानी आ. पारूमल लालवानी निवासी सिंधी कालोनी इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म.प्र. भू. रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 04 प्लाट नं. 92/1 रकबा 600 वर्गफुट भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदक की माता श्रीमति दयाबाई पत्नि स्व. श्री पारुमल लालवानी के नाम दर्ज है आवेदक की माता श्रीमति दयाबाई पत्नि स्व. पारुमल लालवानी का निधन दिनांक 25/05/2024 को हो चुका है। आवेदक की माँ दयाबाई पत्नि पारुमल लालवानी ने अपने जीवनकाल में एक रजिस्टर्ड वसीयतनामा उपपंजीयक कार्यालय इटारसी में दिनांक 21/03/2005 को आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदक उक्त वर्णित संपति पर वसीयतनामें के आधार पर अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज कराना चाहते है। अतः आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 21/03/2005 के आधार पर अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 01/02/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी, इटारसी**

## खबर संक्षेप



### उपसरपंच के पद पर रतना निर्विरोध निर्वाचित

**रहटगांव।** शुक्रवार को कार्यालय ग्राम पंचायत खामगांव में कलेक्टर कार्यालय एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के बाद ग्राम पंचायत में उप सरपंच का निर्वाचन हुआ। इस दौरान पंचों का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सभी पंचों द्वारा आपसी सहमति से रतना पति दिलीप कुमार चौधरी को उपसरपंच पद हेतु प्रस्तावित किया गया। निर्विरोध उपसरपंच पद हेतु रतन बाई दिलीप कुमार को निर्विरोध उपसरपंच मनोनीत किया गया। उक्त सम्मेलन में सरपंच आनंद सिंह सागर जनपद सदस्य आरती सुनील भिलाला एवं सचिव दीपक यादव एवं सहायक सचिव रामभरोस डोंगरे एवं सभी ग्राम के पांच उपस्थित रहे।

### रेवापुर उपनहर की ओसराबंदी जारी

**हरदा।** अनुविभागीय अधिकारी रेवापुर उपनहर अनुविभाग हरदा ने रबी सिंचाई वर्ष 2025-26 अंतर्गत सुचारू नहर संचालन जल प्रबन्धन तथा नहरों के अंतिम छोर तक पर्याप्त जल प्रवाह उपलब्ध कराने के लिये ओसराबंदी कार्यक्रम जारी किया है। जारी कार्यक्रम अनुसार बम्हनगांव माइनर, 3 आरए माइनर, 3 आरबी माइनर, न्यू खारपा माइनर, पड़वा माइनर, 8 आर माइनर व 9 आर माइनर 17 जनवरी शनिवार को सुबह 11 बजे से 19 जनवरी सोमवार प्रातः 11 बजे तक बंद रहेंगी। उन्होने बताया कि यह कार्यक्रम आवश्यकता अनुसार बदला जा सकता है।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 21 को

**सीहोर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 21 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत मंडल विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, कृषि विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

### एसआईआर कार्य प्रगति की समीक्षा की

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अनमैप मतदाताओं को नोटिस जारी करने, दावे-आपत्तियां प्राप्त करने तथा सुनवाई की कार्रवाई की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बीएलओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि अद्यतन प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। उन्होंने दावे-आपत्तियां प्राप्त करने और उनकी सुनवाई के कार्य में और अधिक गति लाने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर बालागुरू के. ने स्पष्ट कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए।

### चाणक्यपुरी में नाले पर अवैध दीवार बारिश में जलभराव होने का खतरा

**सीहोर।** चाणक्यपुरी क्षेत्र में ए-वन सिटी कॉलोनी के पास एक नाले पर अवैध रूप से पक्की दीवार बनाए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यह निर्माण व्यावसायिक उद्देश्य से किया जा रहा है और इसके लिए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। चाणक्यपुरी एक घनी आबादी वाला इलाका है। यहां से गुजरने वाला यह कच्चा नाला आसपास की कई कॉलोनियों के लिए पानी निकासी का मुख्य रास्ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले पर दीवार बनने से पानी का बहाव रुक जाएगा और बारिश के मौसम में घरों में पानी घुस सकता है। इस जमीन पर निर्माण करा रहे उमेश राठौर का कहना है कि मिट्टी खुदाई की वजह से ऐसा लग रहा है कि निर्माण नाले के पास है, जबकि उनका दावा है कि दीवार नाले से दूरी पर बनाई जा रही है।
इस मामले में सीहोर तहसीलदार अमित सिंह ने संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया उनकी टीम जांच और निरीक्षण करेगी।

## माखननगर में लाड़ली बहनों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित

# जिले की 90 हजार 950 लाड़ली बहनों के खाते में 13.36 करोड़ की राशि अंतरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम के माखननगर (बाबई) में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की बहनों के खातों में राशि का अंतरण किया। इस दौरान उन्होने प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख 31 हजार से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। साथ ही 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में माखन नगर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में जिले की 90950 लाड़ली बहनों के खाते में 13,36,58,600 रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। इनमें जनपद पंचायत हरदा की 23065, जनपद पंचायत खिरकिया की 22324, जनपद पंचायत टिमरनी की 25181, नगर पालिका हरदा की 11443, नगर परिषद खिरकिया की 3443, नगर परिषद सिराली की 2232 तथा नगर परिषद टिमरनी की 3262 लाड़ली बहनें शामिल है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे, परियोजना अधिकारी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व लाड़ली बहनें उपस्थित थी।

## बाल भिक्षावृत्ति रोकने किया अधिकारियों ने शहर के प्रमुख स्थलों का भ्रमण



जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को भिक्षावृत्ति जैसी कुरीति से मुक्त कर सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान परियोजना अधिकारी, पुलिस विभाग के कर्मचारी तथा चाइल्ड लाइन (1098) टीम के सदस्यों की उपस्थिति में शहर के प्रमुख स्थलों पर भ्रमण किया गया। इस दौरान बाल भिक्षावृत्ति की स्थिति की समीक्षा की गई तथा जरूरतमंद बच्चों को संरक्षण एवं सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे सड़क पर भिक्षा मांगने वाले बच्चों को आर्थिक प्रलोभन न दें, बल्कि जरूरत पड़ने पर 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर सूचना दें, जिससे बच्चों को सुरक्षित वातावरण एवं संस्थागत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। अभियान के दौरान संबंधित विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने, बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने तथा नियमित मॉनिटरिंग व्यवस्था बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल भिक्षावृत्ति न केवल सामाजिक समस्या है, बल्कि बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, सुरक्षा एवं बाल अधिकारों से जुड़ा हुआ मुद्दा है, जिसे सामाजिक सहयोग, विभागीय समन्वय एवं संवेदनशीलता से ही नियंत्रित किया जा सकता है। अभियान को सतत रूप से जारी रखने हेतु संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान, जागरूकता क्रियाकलाप नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे।

## संकल्प से समाधान अभियान

# शिविर लगाकर 106 योजनाओं में लिए जा रहे लोगों के आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं/ सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए दिनांक 12 जनवरी से 31 मार्च तक विशेष अभियान संकल्प से समाधान अभियान जिले में चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत शासन के विभिन्न विभागों की 106 योजनायें सम्मिलित की गई हैं। अभियान के तहत ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्डों में सर्वे दल द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे करके एवं शिविरों का आयोजन कर आवेदनों का एकत्रिकरण किया जा रहा है तथा क्लस्टर स्तर पर संबंधित विभागों या अधिकारियों को निराकरण हेतु प्रेषित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के ग्राम करणपुरा व कांकरिया, हरदा के कहार समाज धर्मशाला खेड़ीपुरा, खिरकिया के वार्ड क्रमांक 10 अन्नपुर्णा मंदिर क्षेत्र तथा टिमरनी के वार्ड क्रमांक 2 व 15 में शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त किये गये। इसी प्रकार ग्राम रेल्वा व कचबेड़ी सहित अन्य ग्राम पंचायतों व वार्डों में डोर टू डोर सर्वे कर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किये गये।

## मदिरा के अवैध विक्रय के 11 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के गुरूवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने हरदा जिले के ग्राम रामपुरा, नयापुरा, उंढाल, चिराखान, साल्याखेड़ी, करनपुरा, लोटिया, जामली दमामी, खेड़ीपुरा व टंकी मोहल्ला में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 42 पाव देशी प्लेन शराब, 24 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 560 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 11 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 64910 रूपये है।

# 11वीं की छात्र-छात्राओं ने दी 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए



**रहटगांव।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहटगांव में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12वीं की छात्र-छात्राओं को विदाई दी। इसके लिए एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर दोनों कक्षाओं के छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ हुई। इसके बाद कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन कार्यक्रमों में गीत, नृत्य, और नाटक शामिल थे, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स को यादगार स्मृतियों के साथ विदाई दी। कार्यक्रम का समापन पर शिक्षक शंकर सेजकर ने कहा कि सभी छात्र छात्राएं अपना लक्ष्य हासिल करें। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। जिस दौरान प्राचार्य मनोज मिंज, शिक्षक, ध्रुव गौर, उमेश वैस प्रदीप शर्मा, राजेश ठाकरे, गजानंद गौर, गणेश राजगीर, चंद्रकांत तिवारी, सुंदरलाल कुल्हारे, उर्मिला चौहान, कविता जगनबार, योगिता तवंर, समीक्षा गौर, इति राव, वर्षा बजाज, आरती ककोडिया, बबली गौर, सुरेंद्र ककोड़िया, प्रदीप कलम, मौजूद रहे।

# मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी ने उप स्वास्थ्य केंद्र अबगांवकला का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने शुक्रवार को उप स्वास्थ्य केन्द्र अबगांवकला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने स्वास्थ्य केन्द्र की साफ सफाई, बिजली एवं पानी की समस्या की जानकारी ली। संस्था के कार्या एवं रिकार्ड का सत्यापन किया तथा ग्राम में हाई रिस्क महिलाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होने जिन महिलाओं के हीमोग्लोबीन कम है, उन्हें तत्काल आयरन सुक्रोज एवं ब्लड चढ़वाने के लिये स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया। उन्होने सेन्टर पर नागरिको की मानसिक रोग से संबंधित काउन्सलिंग करने के निर्देश भी दिये। उन्होने बायोमेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निपटान करने एवं केन्द्र के आस पास साफ-सफाई रखने के निर्देश उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को दिये। निरीक्षण के दौरान सीएचओ कंचन, एएनएम पुष्पा चौरे, आशा कार्यकर्ता दीपिका विश्नोई, ग्रामीण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# गुरु-शिष्य परंपरा के अनुसार माही दीदी को हरदा की गुरु गादी का दायित्व सौंपा

## किन्नर समाज का तीन दिवसीय समागम



**हरदा।** जिला मुख्यालय पर किन्नर समाज का तीन दिवसीय समागम एक निजी फार्म हाउस पर आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में मध्यप्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों से किन्नर समुदाय के लोग शामिल हो रहे हैं। समागम के दौरान समाज से जुड़े आंतरिक, सामाजिक और धार्मिक विषयों पर विभिन्न सत्रों में चर्चा की जा रही है।

इस अवसर पर सर्वसम्मति से गुरु-शिष्य परंपरा के अनुसार माही दीदी को हरदा की गुरु गादी का दायित्व सौंपा गया। मंदसौर से आईं अनिता गुरु ने बताया कि हरदा की पूर्व गुरु लता बाई का कोरोना काल में निधन हो गया था। तब से गुरु गादी रिक्त थी, जिसे अब समाज की सहमति से माही दीदी को सौंपा गया है। हरदा में किन्नर समाज का तीन दिवसीय समागम चल रहा है। समागम में किन्नर समाज में हो रहे धार्मिक और सामाजिक परिवर्तनों पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि पहले किन्नर समाज की गद्दियां और परंपराएं इस्लामिक परंपराओं से जुड़ी थीं, लेकिन किन्नर अखाड़े के गठन के बाद समाज में सनातन परंपराओं की ओर रुझान बढ़ा है। समागम के दौरान प्रतिभागी एक-दूसरे का अभिवादन "राम-राम" और "राधे-राधे" कहकर कर रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल भी पहुंचे। उन्होंने किन्नर समाज के लोगों का स्वागत किया और हरदा में किन्नर समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण का आश्वासन दिया। इस घोषणा के बाद किन्नर समाज ने उन्हें आशीर्वाद दिया। गुरु गादी मिलने के बाद माही गुरु ने कहा कि सनातन धर्म सर्वोपरि है और धर्म अंतरात्मा का विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्म को लेकर किसी भी प्रकार की अभद्रता या छेड़छाड़ असहनीय है। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि हरदा में सामुदायिक भवन का निर्माण होता है, तो यह पूरे प्रदेश में किन्नर समाज का पहला सामुदायिक भवन होगा, जो समाज के लिए ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

# 5 वर्ष पुराने स्थाई वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

प्रकरण क्रमांक 63/21 धारा 363 ,376 3/4 पास्को एक्ट का 5 वर्ष पुराना स्थाई वारंटी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार राजू उर्फ लालवा पिता जालम चौहान उम्र 25 साल निवासी मेडापानी थाना खलवा जिला खंडवा से गिरफ्तार किया। इसके बाद न्यायालय पेश किया जाता है' इस कार्रवाई विशेष भूमिका थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज दुबे , प्रधान आरक्षक प्रदीप रघुवंशी, प्रधान आरक्षक गजेंद्र यादव, आरक्षक बृजेश चौहान,आरक्षण महेंद्र रघुवंशी की रही।

# 170 बालक, बालिका खिलाड़ियों ने प्रतियोगिताओं में कौशल दिखाया

## रोमांचक प्रदर्शन किया, दर्शकों की खूब दाद मिली



**झिरन्या।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स में खिलाड़ियों ने रोमांचक प्रदर्शन किया। इस विकासखंड स्तरीय खेलकूद चयन स्पर्धा में करीब 170 से अधिक बालक,बालिकाओं ने भाग लिया,जिन्हें दर्शकों की खूब दाद मिली। इस प्रतिस्पर्धा में चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान दिया जाएगा। यह आयोजन,शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार किया गया था। जिसमें बालक,बालिकाओं ने अपनी खेल-प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी संख्या में छात्र-छात्राओं और जन प्रतिनिधियों ने खेलों का आनन्द लिया। स्पर्धा में विभिन्न खेलों के निर्णायक मंडल में इमरान खान, बगलसिंह सोलंकी,विकास छटीये, परमजीत बारसे, तृप्ति महाराज एवं तोमर थे। कार्यक्रम का संचालन अनिमेष गुप्ता ने किया और आभार आशीष गुप्ता विकासखंड समन्वयक ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बलवीरसिंह भाटिया थे और अध्यक्षता शा.उ.(उ) माँ.वि.के प्राचार्य आर. डी.अम्ब ने की। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मारुगढ के उपसरपंच गौतम नायक, सीएस बडोले, शिक्षक जामोद उपस्थित थे।

# तीन दबंगों और पुलिस से परेशान होकर युवक ने खाया जहर, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले के जावर में एक युवक द्वारा प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक शिशुपाल ठाकुर ने घटना से पहले एक भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला, जिसमें उसने स्थानीय दबंगों के साथ-साथ जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। फिलहाल युवक का इंदौर में इलाज चल रहा है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वायरल वीडियो में युवक शिशुपाल ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि 27 तारीख के एक कार्यक्रम के बाद से उसे अंकुश सिंह मेहतवाड़ा, रितेश बागवान और बाबू मोगिया लगातार परेशान कर रहे हैं। उसने बताया कि विवाद की शिकायत करने जब वह थाने गया तो कोई सुनवाई नहीं हुई, बल्कि उलटा रात को 1 से 2 बजे के बीच टीआई मैडम उसके घर आईं और उसे धमकाया। शिशुपाल ने आरोप लगाया कि मैडम ने मुझसे कहा कि अब ढाबा चलाकर दिखाना, मैं तेरे घर और ढाबे पर दबिश दूंगी। उन्होंने मेरे पिता के सामने मेरी बेइज्जती की और मुझे जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर ले जाने लगीं। अपमान से आहत होकर युवक ने कैमरे के सामने ही जहरीला पैकेट दांत से फाड़ा और उसे पानी में घोलकर पी लिया। इस मामले में आरोपों के घेरे में आईं थाना प्रभारी नीता देअरवाल का कहना है कि शिशुपाल उनके भाई जैसा है। वहीं आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने पुलिस के वाटसग्रुप पर आधिकारिक जानकारी साझा करते हुए बताया कि मामला संज्ञान में है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# उत्कृष्ट विद्यालय से चंदन ले गए अज्ञात चोरों ने पेड़ की टहनी पर चलाई आरी

## प्रबंधन ने पुलिस को सूचना नहीं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिला मुख्यालय पर स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 से चंदन के पेड़ चोरी हो गए हैं। यह घटना तब हुई जब स्कूल में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और चौकीदार तैनात थे।

अज्ञात चोर चुपचाप स्कूल परिसर से चंदन का पेड़ काटकर ले गए। चौंकाने वाली बात यह है कि चोरी की घटना के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने अभी तक पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी है। इस बारे में प्राचार्य सुनीता जैन ने बताया कि उन्हें चोरी की जानकारी बाद में मिली। यह विद्यालय सीवन नदी के किनारे और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के काफी नजदीक स्थित है। बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर में चंदन का कटा हुआ पेड़ साफ दिखाई दे रहा है, लेकिन प्रबंधन इसे छिपाने का प्रयास कर रहा है। सीहोर जिले में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस चोरों तक पहुंचने में नाकाम रही है। शासकीय संस्थान में चोरी होने और एफआईआर दर्ज न होने का यह मामला चिंताजनक है।